आज का सुविचार

सच बोलना और उस पर चलना ही मेरा मंत्र है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 87 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## जानिए, आपके 6 ऐसे अधिकार जिन्हें कोई कानून बनाकर भी छीन नहीं सकता- The Constitution of India....

निश्चित तौर पर सभी जानते हैं कि भारत में जन्म लेने वाले प्रत्येक नागरिक को कुछ ऐसे अधिकार प्राप्त होते हैं जो उसके अपने अथवा भारत देश के अस्तित्व रहने तक कोई छीन नहीं सकता। यहां तक कि सरकार भी कानून बनाकर आपके उन अधिकारों का हनन नहीं कर सकती, उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं कर सकती। यदि कोई भी ऐसा करता है तो सुप्रीम कोर्ट आपके अधिकारों की रक्षा करता है। आइए जानते हैं वह छह अधिकार जिन्हें कोई आपसे छीन नहीं सकता-



युवा प्रदेश समाचार पत्र - लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार-

1. समता (समानता) का अधिकार (अनुच्छेद 14 से 18 तक)।
2. स्वतंत्रता (आजादी) का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22 तक)।
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24 तक)।
4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28 तक)।
5. संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 से 30 तक)।
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)।

यह मूल अधिकार, भारत के संविधान द्वारा भारत के नागरिकों को दिए गए हैं। ग्राम पंचायत से लेकर केंद्र सरकार तक कोई भी सदन किसी भी प्रकार का नियम और कानून बनाकर किसी भी नागरिक के मूल अधिकार का उल्लंघन तो दूर की बात, प्रभावित करने का प्रयास भी नहीं कर सकता। यदि कोई ऐसा करता है तो वह नियम अथवा कानून भारतीय संविधान अधिनियम, 1950 का अनुच्छेद 13 के तहत पूर्ण एवं प्रारम्भ से ही शून्य (अवैध) माना जाएगा।

**नोट-** छः प्रकार के मौलिक अधिकारों को हम सरल भाषा में प्रतिदिन के लेखों में वर्णन करेंगे ताकि भारत के प्रत्येक नागरिक आपने मौलिक अधिकार को ज्ञान सके एवं भारत के संविधान को सरल एवं स्पष्ट भाषा में समझ सके।

### इंदौर पुलिस ने बनाया एआई आधारित सायबर सेफ क्लिक चेटबॉट

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर लांच किया इंदौर पुलिस का चेटबॉट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी के अवसर पर नागरिकों की सुरक्षा और यातायात सुगमता के लिए इंदौर पुलिस द्वारा तैयार किये गए एआई बेस्ड चेटबॉट सेफ क्लिक को लांच किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर आधिकारिक रूप से नागरिकों के लिए यह सेवा प्रारम्भ की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सायबर बचाव के लिए यह अत्याधुनिक तकनीक नागरिकों को सूचना देने और विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगी। यह सेवा देने वाला मध्यप्रदेश में इंदौर पहला शहर है। अभी इंदौर पुलिस यातायात और सुरक्षा क्षेत्र में इस तकनीक का भी उपयोग करेगी। आगे इस तकनीक को अन्य क्षेत्र



में भी उपयोगी बनाया जाएगा। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह ने कहा कि एआई आधारित यह चेटबॉट ओपन सोर्स से इनफार्मेशन प्राप्त करेगा। इस चेटबॉट में नागरिक बोलकर या टाइप कर सेवा ले सकेंगे। कार्यक्रम में सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, विधायकगण सर्वश्री महेन्द्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा तथा श्री गोलू शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, श्री प्रताप करोसिया, श्री सुमित मिश्रा एवं श्री श्रवण चावड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## वन विहार में वन्यजीव सप्ताह में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीव सप्ताह-2025 के अंतर्गत 2 अक्टूबर को पक्षी अवलोकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यूथ हॉस्टल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के कुल 70 प्रतिभागियों ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के दर्शन किये। इनमें लिटिल कार्मोरेंट, इंडियन रॉबिन, गोल्डन ओरियोल, सिल्वर बिल मुनिया, स्माल मिनिवेट, ग्रे हेरॉन, पैराडाइस फ्लाईकैचर, ब्रॉन्ज विंग जकाना आदि शामिल थे। तितलियों में कॉमन ग्रास यलो, कॉमन क्रो, प्लेन टाइगर, कॉमन सरूलीन को देखकर प्रतिभागी उत्साहित हो उठे। संचालक वन विहार श्री विजय कुमार, स्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ. सुदेश वाघमारे, से.नि. उप वनसंरक्षक, श्री ए.के. खरे, से.नि. उप वन संरक्षक, डॉ. संगीता राजगीर, मो. खालिक और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से शादी दुष्कर्म के आरोप से बचाव का आधार नहीं : हाईकोर्ट

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि नाबालिग से शादी करना पॉक्सो अधिनियम के तहत दुष्कर्म के आरोप से बचने का आधार नहीं हो सकता। हाईकोर्ट ने 29 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला रद्द करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा, सिर्फ इसलिए कि उनका का एक बच्चा भी है, पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर रद्द नहीं की जा सकती। आरोपी ने पीड़ित नाबालिग लड़की से शादी की थी और अब उनका एक बच्चा भी है। हाईकोर्ट की पीठ ने 26 सितंबर को पारित आदेश में व्यक्ति की इस दलील को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया कि वह 17 वर्षीय लड़की के साथ सहमति से संबंध में था और उसने शादी का पंजीकरण तभी कराया, जब वह 18 वर्ष की हो गई। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी फाल्के और न्यायमूर्ति नंदेश देशपांडे की पीठ ने कहा कि नाबालिगों के बीच या उनके साथ संबंध में तथ्यात्मक सहमति यौन अपराधों से बच्चों का

### पॉक्सो का उद्देश्य नाबालिगों को यौन उत्पीड़न से बचाना

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों का प्राथमिक उद्देश्य 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों को यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना और वाल पोर्नोग्राफ़ी से बचाना व ऐसे पीड़ितों के लिए एक सहायक वातावरण और सुरक्षा प्रदान करना है। संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत अप्रासंगिक है। अदालत ने आरोपी व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों की ओर से दायर उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें अकोला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ इस साल जुलाई में दर्ज की गई प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया था। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), पॉक्सो अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# राज्यपाल श्री पटेल ने गांधी जयंती पर की खादी उत्पादों की खरीदारी

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल गांधी जयंती के अवसर पर खादी महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने जवाहर चौक स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में खादी उत्पादों की खरीददारी की। खादी महोत्सव के तहत खादी इंडिया भोपाल में प्रदर्शित खादी ग्रामोद्योग के विभिन्न उत्पादों का अवलोकन भी किया। राज्यपाल श्री पटेल ने खादी निर्माण की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। कताई मशीन चलाकर खादी के उपयोग का संदेश दिया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान की सफलता के लिए खादी के महत्व और



उपयोगिता के संबंध में विजिटर्स बुक में विचार भी लिखे। राज्यपाल श्री पटेल का शोरूम पहुँचने पर खादी ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला पहनायी। दीप प्रज्ज्वलन कर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।

# पेट दर्द से परेशान किशोरी फांसी में झूली मौत, देवलौंद पुलिस कर रही जांच

**संभागीय संवाददाता -राजू राय**




शहडोल। देवलौंद थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने पेट दर्द से परेशान हो कर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। पुलिस ने जानकारी के बाद मौके पर पहुंच अपनी जांच शुरू की है। घटना नकुनी गांव में उस समय घटी जब पिता खेत की तकवारी के लिए गए हुए थे, और किशोरी अपने कमरे में अकेली सो रही थी, सुबह जब पिता और परिवार के लोगों ने किशोरी को जगाने के लिए उसका कमरा खुलवाया तब कही घटना की जानकारी परिजनों को मिली। पुलिस ने बताया कि देवलौंद थाना क्षेत्र के नकुनी गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी रीतू सिंह पिता राजबहोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू की, पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि किशोरी पेट दर्द से परेशान रहती थी, और वह पिता से बार बार कहती थी कि मैं किसी दिन फांसी लगाकर मर जाऊंगी, मुझे दर्द बर्दाश्त नहीं होता है। परिजन उसका इलाज भी करवा रहे थे। लेकिन उसे राहत नहीं मिल रही थी। बीती रात उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना उस समय हुई जब पिता घर के पास स्थित खेत की तकवारी के लिए निकल गए,पिता ने पुलिस को बताया कि रीतू ने मुझे खेत जाने के पहले खाना दिया और मैं खेत चला गया, और वह अपने कमरे में सोने चली गई। जब सुबह हुई तो पिता घर पहुंचे और पुत्री को जगाने बहु के साथ उसके कमरे में पहुंचे तो वह अपने दुपट्टे से फांसी के फंदे में लटकती कमरे में मिली,मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम की कार्यवाही के बाद परिजनों को सौंप दिया है । थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने कहा हमने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है।

## वन विहार होगा प्रदूषण मुक्त वाहनों का प्रवेश रहेगा निषेध भ्रमण के लिये गोल्फ कार्ट का होगा संचालन




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में सकारात्मक बदलाव करते हुए वन्य-प्राणियों के लिये शोररहित बनाने के लिये अब पर्यटकों के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। वन विहार को प्रदूषण मुक्त करने के लिये जल्द ही पर्यटकों के भ्रमण के लिये 40 गोल्फ कार्ट का संचालन शुरू किया जायेगा। इन 40 गोल्फ कार्ट में से 32 गोल्फ कार्ट %हाफ ऑन हाफ ऑफ% पद्धति से संचालन के लिये उपलब्ध रहेंगे, वहीं 8 गोल्फ कार्ट (6 सीटर) पर्यटकों के लिये पूर्ण रूप से 3 घंटे के लिये बुकिंग पर उपलब्ध रहेंगे। इन गोल्फ कार्ट का संचालन वन विहार के दोनों गेटों से हर 10 मिनट पर निरंतर जारी रहेगा। ये कार्ट प्रत्येक ब्ल्यू प्वाइंट पर 30 सेकेंड से एक मिनट के लिये रुकेंगी। इससे पर्यटकों को स्वेच्छानुसार वन्य-प्राणियों को देखने का पर्याप्त समय मिलेगा। वन विहार में पैदल भ्रमण, किराये और स्वयं की साइकिल से भ्रमण के लिये शाकाहारी सफारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पर्यटकों के लिये सशुल्क 150 नई साइकिलें भी उपलब्ध रहेंगी, जिससे वन विहार भ्रमण और सुगम बनेगा। विभिन्न प्रकार के माध्यम से भ्रमण करने के लिये पर्यटकों को विभिन्न रंग के पर्यावरण अनुकूल बैण्ड दिये जायेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। वन विहार में पर्यटक वाहन पार्किंग के लिये निर्धारित न्यूनतम शुल्क पर विशेष व्यवस्था की गयी है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिये प्रवेश द्वारा क्रमांक-2 पर पार्किंग स्थल बनाया गया है और दो पहिया वाहनों की पार्किंग प्रवेश द्वार क्रमांक-1 और 2 पर रहेगी।

## मध्यप्रदेश शासन और वर्ल्ड बायोगैस एसोसिएशन में हुआ एमओयू बायोगैस एक्शन प्लान के क्रियान्वयन में मिलेगी मदद

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन और वर्ल्ड बायोगैस एसोसिएशन के बीच हुये एमओयू से बायोगैस एक्शन प्लान के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। मंगलवार को भोपाल में मध्यप्रदेश बायो फ्यूल स्किम-2025 स्किम अंतर्गत एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। एमओयू होने पर बायोगैस एक्शन प्लान का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किये जाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि नवकरणीय ऊर्जा विभाग, कृषि, पशु कल्याण, नगरीय प्रशासन आदि के साथ समन्वय कर उपलब्ध बायोफ्यूल का सर्वेक्षण कार्य करायेगा। इससे नीति निर्धारण संबंधी कार्यों में भी आवश्यक मदद मिलेगी। इंटरनेशनल टेक्नीक बेस्ड बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिये पायलट प्रोजेक्ट तैयार करने में मदद मिलेगी। कैपसिटी बिल्डिंग अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में आवश्यक पाठयक्रम का समावेश किया जा सकेगा। इसमें विकासकों के साथ नॉलेज शेयरिंग में भी मदद मिलेगी। एमओयू से बायोफ्यूल आधारित परियोजना के मानक निर्धारण संबंधी कार्यों के साथ बायोफ्यूल प्रोजेक्ट की कार्यशैली तकनीकी क्षमता के संबंध में प्रमाणीकरण किये जाने में भी मदद मिलेगी। मंत्री शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान होने से यहां बहुतायत में पशुधन और प्रचुर मात्रा में अपशिष्ट उपलब्ध है। इन अपशिष्ट के साथ ही नगरीय क्षेत्रों में उपलब्ध सॉलिड और लिक्विड वेस्ट से कम्प्रेस्ट बायोगैस निर्माण और उपयोग की असीम संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एमओयू का निश्चित ही प्रदेश को लाभ मिलेगा।

# बिना लाइसेंस संचालित क्लीनिक पर निरीक्षण के दौरान नहीं मिला चिकित्सक, पंजीयन नहीं होने पर किया गया बंद

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय द्वारा निजी अस्पतालों और क्लिनिक्स की जांच निरंतर की जा रही है। मंगलवार को भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र में चल रहे अलशिफा क्लीनिक को बिना पंजीयन संचालित करने पर बंद करवाया गया है। क्लीनिक पर डॉ.आर डब्ल्यू बक्शी, एमडी मेडिसिन का बोर्ड प्रदर्शित पाया गया। निरीक्षण के समय दोपहर क्लीनिक में एक युवक उपस्थित मिला। उसने बताया कि डॉ. बक्शी नियमित रूप से क्लीनिक में नहीं आते हैं। निरीक्षण दल को क्लीनिक में एलोपैथिक दवाइयां, ड्रिप सेट, सिरिंज, इंजेक्शन वायल भी मिले। क्लीनिक का



पंजीयन एवं लाइसेंस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में नहीं होने पर निरीक्षण टीम द्वारा क्लीनिक बंद रखने की चेतावनी दी गई है। पुलिस विभाग, ड्रग कंट्रोलर एवं प्रशासन को भी सूचना दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले में अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन, मप्र उपचार्यगृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जा रही है। इन क्लिनिक्स पर विभाग की टीम नजर रख रही है।

# भारतीय मेसेजिंग ऐप अरत्तई हो रहा काफी पॉपुलर ज़ोहो कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित इस ऐप में हैं कई विशेषताएं




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

जिस प्रकार हर मोबाइल फोन में वाट्सअप देखने को मिलता है, उसे टक्कर देने के लिए पिछले कुछ दिनों से एक भारतीय मैसेजिंग ऐप अरत्तई काफी पॉपुलर हो रहा है। लोग वाट्सअप से अरत्तई पर शिफ्ट कर रहे हैं और अब यह भारत में प्ले स्टोर पर नंबर 1 सोशल नेटवर्किंग ऐप बन गया है।अरत्तई मेसेंजर एक भारतीय मेसेजिंग ऐप है, जो व्हाट्सएप के प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। यह ऐप ज़ोहो कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित किया गया है और इसमें कई विशेषताएं हैं जो इसे अलग बनाती हैं। इसकी मुख्य विशेषताएं अरत्तई एक सरल और सुरक्षित मेसेजिंग ऐप है जो एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड कॉल्स और मेसेजेस प्रदान करता है। अरत्तई मेसेंजर में फाइल शेयरिंग की सुविधा है, अरत्तई में ग्रुप चैट और कॉलिंग की सुविधा है, जिससे आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ जुड़ सकते हैं। आप अरत्तई पर फोटो, वीडियो और दस्तावेज़ शेयर कर सकते हैं। अरत्तई में चैनल और स्टोरीज की सुविधा है, जिससे आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ अपडेट शेयर कर सकते हैं। अरत्तई में ऑनलाइन मीटिंग्स की सुविधा है, जिससे आप अपने टीम के सदस्यों के साथ जुड़ सकते हैं। अरत्तई डेस्कटॉप और मल्टी-प्लेटफ़ॉर्म सपोर्ट प्रदान करता है, जिससे आप इसे विभिन्न डिवाइसेज़ पर उपयोग कर सकते हैं। अन्य विशेषताएं अरत्तई लो-एंड डिवाइसेज़ पर भी स्मूथ प्रदर्शन प्रदान करता है। अरत्तई डेटा सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और आपके डेटा को सुरक्षित रखने के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का उपयोग करता है। अरत्तई एक बढ़िया विकल्प है यदि आप एक सुरक्षित और सरल मेसेजिंग ऐप की तलाश में हैं जो आपको अपने दोस्तों और परिवार के साथ जुड़ने की अनुमति देता है। अरत्तई मेसेंजर की और विशेषताएं अरत्तई मेसेंजर निजता और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जिससे आपके डेटा और संदेश सुरक्षित रहते हैं। अरत्तई मेसेंजर का इंटरफेस सरल और उपयोगकर्ता है, जिससे इसका उपयोग करना आसान होता है। अरत्तई मेसेंजर विभिन्न प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है, जैसे कि एंड्रॉयड, आईओएस और डेस्कटॉप।अरत्तई मेसेंजर में ग्रुप चैट और कॉलिंग की सुविधा है, जिससे आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ जुड़ सकते हैं।अरत्तई मेसेंजर एक अच्छा विकल्प हो सकता है यदि आप एक सुरक्षित और सरल मेसेजिंग ऐप की तलाश में हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सत्येंद्र कुमार बमन्या की संविदा सेवा समाप्त की जाए - महेश मदुरिया

**29 सितंबर 2025।** दलित आदिवासी महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व सहसंयोजक महेश मदुरिया ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश की संचालक सिडानी द्वारा को अलग-अलग ज्ञापन भेज कर लापरवाह अनुशासनहीन नियमित ड्यूटी नहीं जाने वाले मरीज के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले तथा जिला शिवपुरी के खनियाधाना सामुदायिक स्वास्थ्य भवन दविया कला में मरीज से अभद्र व्यवहार कर झूठी एफआईआर पुलिस थाना पिछोर में दर्ज कराने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य भवन सनावद खुर्द खनियाधाना जिला शिवपुरी में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सत्येंद्र कुमार बमन्याया की संविदा समाप्त करने के लिए अलग-अलग ज्ञापन भेज कर मांग की है ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है की जिला शिवपुरी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीएमओ खनियाधाना तथा तथा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर चंबल संभाग के खिलाफ भी संरक्षण देने के आरोप में कार्यरवाही की जाए दलित आदिवासी महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश मदुरिया ने बताया की



कलेक्टर शिवपुरी , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला शिवपुरी , संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश को कई शिकायत की गई है लेकिन इस दहेज लोभी झगड़ालू प्रवृत्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की संविदा सेवाएं समाप्त नहीं की गई है जबकि विभागीय कार्यवाही करते हुए संविदा समाप्त की जानना चाहिए थी जो नहीं की जा रही है जबकि महिला पुलिस थाना ग्वालियर में विभिन्न बी एन एस विभिन्न धाराओं तथा दहेज प्रतिसेद अधिनियम की धारा के तहत प्रकार पंजीबद्ध होकर न्यायालय में चालान पेश हो चुका है जिसमें उनके पिता लखनलाल बामनिया इनके भाई जितेंद्र बामनिया पुष्पेंद्र बामनिया मां फूलवती बहन किरण निवासी गोविंद मोहल्ला बाढ़ क्रमांक 2 पीर बाबा के पास खनियाधाना जिला शिवपुरी के खिलाफ भी प्रकरण पंजीबद्ध है फिर भी संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश ने अभी तक उनकी संविदा समाप्त नहीं की है दलित आदिवासी महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश मदुरिया संभागीय अध्यक्ष हाकम सिंह चोकोटिया जिला अध्यक्ष संदीप सोलंकी आदि ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं मुख्य सचिव अनुराग जैन से डॉक्टर सत्येंद्र कुमार बमन्या की संविदा सेवा समाप्त करने की मांग की गई है।

# आविर्भूत हो माता दुर्गे भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुति












**मथुरा,** अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शारदीय नवरात्रि के अवसर मातृशक्ति को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। ज्ञात हो कि अमरनाथ शिक्षण संस्थान के प्राचीन महादेव अमरनाथ महादेव मंदिर परिसर में दो मंदिर का निर्माण एवं हुआ है जहां मां दुर्गा और राधा कृष्ण की प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गई है । नवरात्रि के अवसर पर आयोजित हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन मां दुर्गा को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ । छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुतियां देखते ही बनती थी। श्री मातृ ध्यान से आरंभ हुए कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के सचिव डॉ महेंद्र प्रताप सिंह जी थे। विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग अधिकारी श्री रामेंद्र पाल जी , श्री राकेश त्यागी अपर नगर आयुक्त , श्री हर स्वरूप गौतम अध्यक्ष अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज ,डॉ अनीश वाजपेई सचिव अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज , ख्याति प्राप्त संगीतकार डॉ राजेंद्र कृष्ण, कुंवर उदय प्रताप सिंह सदस्य फिल्म सेंसर बोर्ड, कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के सदस्य श्यामानंद महाराज ,फिल्म निर्देशक मोनू राजावत ,प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक मनोज राठौर , पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ एस पी गोस्वामी को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ महेंद्र प्रताप ने कहा कि भारतीय संस्कृति का आधार ही मातृ शक्ति है। प्रातः काल कलश यात्रा से आरंभ हुए कार्यक्रम का समापन निर्धन वर्ग के लिए सार्वजनिक भंडारे से हुआ।

आविर्भूत हो माता दुर्गे सांस्कृतिक कार्यक्रम में गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं की प्रस्तुतियां देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। रावण अंगद संवाद की काव्यमय नाट्य प्रस्तुति, रश्मिरथी का नाट्य मंचन, मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों पर आधारित सामूहिक नृत्य, दुर्गा सप्तशती पर शास्त्रीय नृत्य, महिषासुर मर्दिनी नाट्य नृत्य , गरबा, प्रस्तुतियों को दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं। छात्रा रोचना, तनु एवं अनुष्का ,कनिष्का, निशा, वंदना, शीतल शिवानी, महक रानी ,अनुष्का ,काजल, कीर्ति, नैंसी, वंशिका, मुस्कान, प्रगति, कुमकुम योगिता, विशाखा की प्रस्तुतियां अत्यंत सराहनीय थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती पाठक ने किया संयोजन में प्रवक्ता मांडवी राठौर डॉ मनोरमा कौशिक, ज्योति त्रिपाठी ,दामोदर घोष, डॉ निर्मल वर्मा, चंचल अग्रवाल ,कनिका अग्रवाल,शायमा मुस्तफा,मोनिका सिंह। धन्यवाद प्रवक्ता नूतन देहर ने किया।

# नवरात्रि पर उदयपुरा में भव्य गरबा महोत्सव, विजेताओं को मिले सम्मान।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा रायसेन। नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर उदयपुरा (मंगलम विद्या निकेतन) में शिवाजी फाउंडेशन के सानिध्य में भव्य दिव्य सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें उदयपुरा में उमड़ा भीड़ का शैलाब सभी बहनों भाइयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से आयोजक की भूमिका में रमाकांत चौहान (निक्की ठाकुर)ने अपना सर्वोच्च समर्पण दिया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाई अभिज्ञान नरेंद्र पटेल जी, अवधेश प्रताप सिंह जी,राम जी पटेल(जनपद उपाध्यक्ष)आनंद कौरव(मंडल महामंत्री) जिन के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया पुरस्कार की भूमिका में प्रथम स्थान 5100 एवं आस्था रघुवंशी को दिया गया दुतिय पुरस्कार 2100 एवं शील्ड भूमि शर्मा को दिया तृतीय पुरस्कार 1100 एवं शील्ड डॉ.सपना बिश्नोई एवं टिम को दिया गया जिसके बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार ट्रॉफी एव चाँदी की मूर्ति गुनगुन रघुवंशी को दी आयोजक मंडल में भाई शिवांश सिंह चौहान, सूर्या चौहान,मानव वर्मा,जयहिंद चौहान, ज्योति बिलथरीय, पल्लवी रघुवंशी, एवं आयोजक समिति।





# ट्राला ने पांच गायों को मारी टक्कर जिनमें से चार गायों की मौत। गौ शालाओं में बरती जा रही लापरवाही।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा (रायसेन)। उदयपुरा के पास बींझा दावा गांव के नजदीक हाईवे पर पांच गायों को तेज रफ्तार ट्राले ने कुचल दिया, जिसमें चार गायों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। हाईवे पर आए दिन आवारा मवेशियों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। लोगों ने सवाल उठाया कि गौ माता की सुरक्षा के नाम पर रील और बयान देने वाले लोग सड़क पर क्यों खामोश हैं। गौशालाओं की भी ठीक से जांच नहीं हो रही, जिस कारण सड़कों पर मवेशी घूमते रहते हैं। ग्रामीणों ने अपील की है कि हाईवे पर अगर गायों का झुंड दिखे तो लोग उन्हें सड़क से हटाने में मदद करें, ताकि ऐसे हादसे रोके जा सकें। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर बैरिकेड और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और गौशालाओं की निगरानी कड़ी की जाए।

# धम्म क्रांति की 69वीं वर्षगांठ पर नमन




अशोकविजया दशमी 1956 को बाबासाहेब ने दीक्षाभूमि पर लाखों साथियों संग बौद्ध धम्म स्वीकार कर मानवता की सबसे बड़ी सामाजिक क्रांति का दीप जलाया।


यह आत्मसम्मान, न्याय और करुणा का संदेश था।

आज हम उसी धम्म दीप को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

**नमो बुद्धाय जय भीम**

# मध्य प्रदेश सरकार ने 9300 जन सेवा मित्रों को किया बेरोजगार लेकिन युवाओं पर नहीं दिया जा रहा ध्यान।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**



भोपाल। मध्य प्रदेश में 9300 जन सेवा मित्र, जिन्हें विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नियुक्त किया गया था, आज बेरोजगार हो गए हैं। इन जन सेवा मित्रों ने घर-घर जाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और विशेष रूप से लाडली बहना योजना को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत की। उस समय पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके काम की खुलकर सराहना की थी और भविष्य की चिंता न करने का आश्वासन दिया था। लेकिन चुनाव के बाद यह योजना बंद कर दी गई, जिससे सभी जन सेवा मित्र बेरोजगार हो गए। वे अब रोजगार की तलाश में विधायकों, सांसदों, मंत्रियों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई। अपनी मांगों को लेकर जन सेवा मित्र लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकल सका है। इससे प्रदेश के इन 9300 शिक्षित युवाओं और उनके परिवारों में सरकार के प्रति नाराज़गी बढ़ रही है। वर्तमान में जन सेवा मित्र अपनी बहाली और रोजगार की मांग को लेकर सरकार से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

# पवन चीनी मित्र मंडली का भक्ति, उमंग के साथ धमाकेदार गरबा महोत्सव हुआ संपन्न

## बारिश में भी जमकर थिरके डांडिया टीम





**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। माँ दुर्गा की महिमा और भक्तों की आस्था का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब मूसलाधार बारिश भी चीनी मित्र मंडली द्वारा आयोजित गरबा डांडिया महोत्सव को रोक न सकी। जिले के नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 और 7 के बीच दुर्गा मंदिर प्रागड़ में आयोजित यह महोत्सव लगातार दूसरे वर्ष पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और उत्सव का केंद्र बन गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएँ, बच्चियाँ और युवक-युवतियाँ रंग-बिरंगे परिधानों में डांडिया की ताल पर थिरकते नज़र आए। पाँच साल की बच्चियों से लेकर 40 वर्ष तक की माताओं और बहनों ने जब एक साथ डांडिया थामकर नृत्य किया, तो पूरा वातावरण भक्ति और संस्कृति के रंगों में रंग गया। 25 दिनों की तैयारी - मंडली प्रमुख पवन चीनी ने अमलाई, बुढ़ार, धनपुरी, शहडोल, उमरिया और आसपास से प्रशिक्षित टीमों को जोड़कर आयोजन को भव्य बनाया। बरसात भी न डिगा सकी हौसले - बारिश के बावजूद माता रानी के आशीर्वाद से उत्साह कम नहीं हुआ और कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया। विशाल पंडाल और व्यवस्थाएँ - दर्शकों के लिए चाय-नाश्ता, पेयजल, सुरक्षा और बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई। विशेष आकर्षण एक नन्हीं बच्ची के योगाभ्यास ने हज़ारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे सहित शहडोल-अनूपपुर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। पार्षदगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के प्रमुख पवन कुमार चीनी न केवल लोकप्रिय पार्षद बल्कि क्षेत्र के सच्चे समाजसेवी भी हैं। रक्तदान शिविर, गरीब बहनों की शादी, बच्चों को लैपटॉप-साइकिल वितरण, स्कूलों को सहयोग और हर ज़रूरतमंद की मदद ये सभी कार्य उनके सेवा भाव की मिसाल हैं। चीनी मित्र मंडली के सैकड़ों सदस्य महाआरती से लेकर उपहार वितरण तक सक्रिय रूप से जुटे रहे इस सतरंगी आयोजन की खूबसूरती को और निखारा माइक संचालन ने क्षेत्र के जाने-माने सूरज श्रीवास्तव, संदीप पुरी और अजय दहिया ने मंच संचालन की जिम्मेदारी सँभालते हुए छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों और गणमान्य अतिथियों का सम्मान बड़ी खूबसूरती से कराया। उनकी ऊर्जावान आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुति ने महोत्सव को यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई। क्षेत्रवासियों ने कहा बरसात के बावजूद कार्यक्रम का सफल होना माता रानी के आशीर्वाद और चीनी मित्र मंडली की मेहनत का प्रमाण है। यह आयोजन आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम है। हज़ारों की भीड़ में बच्चे, माताएँ, बहनें और बुजुर्ग सभी ने नृत्य की धुन पर झूमते हुए इसे अविस्मरणीय बना दिया।

# भोपाल में ऐतिहासिक मनुवादी संघी फासीवाद विरोधी जन सम्मेलन संपन्न

# संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प






**भोपाल।** लोकतान्त्रिक अधिकार मोर्चा (DRF), मध्यप्रदेश के नेतृत्व में एक दिवसीय ऐतिहासिक मनुवादी संघी फासीवाद विरोधी जन सम्मेलन संपन्न हुआ। भोपाल के नार्मदीय भवन में जुटे किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों सहित लगभग 300 प्रगतिशील, जनवादी प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से संविधान की रक्षा और फासीवाद को परास्त करने का निर्णायक संघर्ष संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार और आभार सैयद जावेद अख्तर ने किया।

सम्मेलन के दौरान क्रन्तिकारी सांस्कृतिक मंच (RCF) के साथियों ने क्रन्तिकारी जनगीतों की प्रस्तुति दी। सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि देश इस समय भाजपा/आरएसएस-कॉर्पोरेट फासीवाद की मजबूत गिरफ्त में है, जिसने सामाजिक विभाजन, कॉर्पोरेट लूट और संवैधानिक संस्थाओं के क्षरण को चरम पर पहुंचा दिया है। आज मनुवादी संघी फासीवाद से लड़ना वक्त की पुकार है। इतिहासकार डॉ. रतनलाल (संस्थापक, अंबेडकरनामा) ने ऐतिहासिक संदर्भ प्रस्तुत करते हुए कहा कि, आज की लड़ाई 1927 के महाड़ सत्याग्रह की वैचारिक निरंतरता है। मनुवादी ताकतों को परास्त किए बिना, भारत में समानता स्थापित नहीं हो सकती। राष्ट्र निर्माण में आदिवासी पुस्तक के लेखक और इतिहासकार डॉ. जितेंद्र मीणा ने आदिवासी अधिकारों पर बात करते हुए कहा, आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन को लूटा जा रहा है। गोंडवाना और भील प्रदेश की मांग अब केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि संवैधानिक न्याय की मांग बन चुकी है। वरिष्ठ नेता बुद्धसेन पटेल ने सभी बहुजन ताकतों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि, पिछड़े वर्गों को उनकी संख्या के अनुपात में 52% आरक्षण देना संवैधानिक अनिवार्यता है, जिसे सरकार टाल नहीं सकती। मानवाधिकार कार्यकर्ता और वरिष्ठ एडवोकेट सैयद साजिद अली ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की निंदा की और कहा कि, ईवीएम हटाओ, मतपत्रों से चुनाव कराओ की मांग लोकतंत्र को बचाने की पहली शर्त है। सम्मेलन ने अपनी सभी प्रमुख मांगों और प्रस्तावों को शामिल करते हुए भारत की माननीय राष्ट्रपति महोदया को एक विस्तृत ज्ञापन (Memorandum) भी सौंपा, जिसमें संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए उनके तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। सम्मेलन ने छह सूत्रीय न्याय संकल्प पारित किया, जिसमें मौजूदा भाजपा/आरएसएस की सरकार को चुनौती देने वाली निम्नलिखित प्रमुख मांगें शामिल हैं:

- **आरक्षण और जातिगत जनगणना-** तत्काल प्रभाव से जातिगत जनगणना कराई जाए और संख्या के अनुपात में आरक्षण लागू हो। पिछड़ा वर्ग को 52% आरक्षण दिया जाए, तथा EWS आरक्षण तुरंत रद्द किया जाए।
- लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली EVM हटाकर मतपत्रों (बैलेट पेपर) से चुनाव कराया जाए और चुनाव आयोग की स्वायत्तता बहाल की जाए।
- **कॉर्पोरेट लूट और निजीकरण पर रोक-** सरकारी संपत्तियों का निजीकरण बंद हो, किसान विरोधी कृषि कानूनों को निरस्त कर MSP की कानूनी गारंटी दी जाए। आदिवासी-विरोधी वन अधिनियम वापस लिए जाएँ।
- **नाम बदलने की साजिश बंद हो-** भोपाल का नाम बदलकर भोजपाल करने की साज़िश तुरंत रोकी जाए। गोंड राजा भूपाल से जुड़ी भोपाल की विरासत और ऐतिहासिक-आदिवासी नामों का सांप्रदायिक दृष्टिकोण से विकृतीकरण बंद हो।
- **शिक्षा और स्वास्थ्य-** नई शिक्षा नीति वापस हो। केजी से पीजी तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित हो। स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण रोका जाए।
- महिला एवं अल्पसंख्यक अधिकार: महिलाओं के लिए 33% आरक्षण तुरंत लागू हो। मॉब लिंचिंग पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बने और समान नागरिक संहिता (UCC) पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- लोकतान्त्रिक अधिकार मोर्चा के संयोजक मोनू यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए घोषणा की कि यह सम्मेलन संघर्ष की रणभेरी है। आरएसएस फासीवाद के खिलाफ व्यापक, एकजुट और मज़बूत जन प्रतिरोध खड़ा करने की निर्णायक शुरुआत आज से हो गई है। उन्होंने संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए सभी जनवादी ताकतों से जनपथ से न्यायपथ तक एकताबद्ध होकर संघर्ष तेज़ करने की पुरजोर अपील की।

**जारीकर्ता**
**आनंद श्याम**
लोकतान्त्रिक अधिकार मोर्चा, मध्यप्रदेश
संपर्क- 9424418569, 9981773205
प्रति,
संपादक महोदय/महोदया

## मजदूरो की मजदूरी का रुपया लेकर ठेकेदार हुआ फरार, थाना में हुई शिकायत

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर /कोतमा। जिले के कोतमा में मजदूरों का पैसा लेकर एक ठेकेदार फरार हो गया। मजदूरों ने पूर्व विधायक सुनील सराफ से संपर्क किया, जिसके बाद ठेकेदार के खिलाफ कोतमा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतमा थाना क्षेत्र के कोतमा कॉलेज में ठेकेदार ने मजदूरों से साफ-सफाई और अन्य कार्य करवाए थे। जब मजदूरों ने अपने भुगतान के लिए ठेकेदार से संपर्क किया, तो वह मौके से गायब हो गया। पूर्व विधायक सुनील सराफ ने मुख्य ठेकेदार से इस संबंध में बात की। पता चला कि फरार ठेकेदार का नाम भीखम सिंह है, जो छत्तीसगढ़ के मुंगेली का निवासी है। भीखम सिंह ने पेटी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम किया था और मुख्य ठेकेदार से अपने काम का पूरा भुगतान पहले ही ले चुका था। उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। इसके बाद पूर्व विधायक सुनील सराफ सभी मजदूरों को लेकर कोतमा थाने पहुंचे और भीखम सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही ठेकेदार को पकड़कर मजदूरों का भुगतान कराया जाएगा और आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## अंबेडकर छात्रावास भोपाल में भगत सिंह जयंती पर विचार संगोष्ठी एवं प्रतिभा महोत्सव का आयोजन।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

भोपाल। श्यामला हिल्स स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति/जनजाति संयुक्त छात्रावास में शहीदे आज़म भगत सिंह जी की 118 वी जयंती श्रद्धा और जोश के साथ मनाई गई। इस मौके पर विचार-गोष्ठी, कवितापाठ और गायन के जरिए छात्र-छात्राओं ने अपने महापुरुषों के विचारों को आत्मसात किया। 17 से 28 सितम्बर तक चले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत छात्रावास मे स्वच्छता अभियान, क्रिकेट, वॉलीबॉल, शतरंज, बैडमिंटन, कैरम, चित्रकला और गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्रावास अधीक्षक राजीव सक्सेना की निगरानी में आयोजक भूमिका - लक्ष्य भारतीय और सयुक्त स्ष्/स्ञ सयुक्त छात्रावास के छात्र ,शुभम ठाकुर, प्रवीण धुर्वे , राहुल कांबले, शिवजी परिहार ,लवकुश , अनिकेत,और समस्त छात्र उपस्थित रहे ।



# विजय दशमी पर उदयपुरा में मुंबई के कलाकारों ने बांधा समां भव्य चल समारोह और अखाड़ा प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध।





**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा, रायसेन। उदयपुरा में विजयदशमी के अवसर पर इस बार दशहरा उत्सव यादगार बन गया। नौ दिन तक चले शारदीय नवरात्र महोत्सव के बाद हिंदू उत्सव समिति उदयपुरा द्वारा दशहरे के दिन निकाला गया दुर्गा जी का भव्य चल समारोह नगरवासियों और आसपास के ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। नगर के मुख्य मार्गों से निकले चल समारोह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर नगर में स्थापित करीब 41 देवी प्रतिमाओं ने दर्शकों को अपनी भव्यता से आकर्षित किया। विशेष रूप से मां महिषासुर मर्दिनी और मां कात्यायनी की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र रहीं। चल समारोह में अखाड़ा दलों के पारंपरिक करतबों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रॉयल फिटनेस क्लब के युवाओं ने मंच पर 150 किलोग्राम वजन उठाकर डेडलिफ्टिंग कर नया इतिहास रच दिया, जिस पर तालियों की गूंज से वातावरण गूंज उठा। मुंबई से आए कलाकार सोनू गिल और श्रेया तिवारी ने देवी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शक झूम उठे। राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकियों ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शाम को आयोजित सम्मान समारोह में नगर के सफाई कर्मियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री श्री रामपाल सिंह राजपूत, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष शिब्बू लाल साहू, केशव पटेल, कुलदीप विश्नोई सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान नगर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतज़ाम किए। मुख्य मार्गों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सभी का स्वागत किया।





**मछली परिवार, हाईकोर्ट में सुनवाई से पहले पेश करेंगे दस्तावेज**

# 13 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई; सरकारी जमीन पर काबिज लोगों को मिल सकती है राहत

भोपाल। यौन शोषण और ड्रग्स तस्करी के मामले में फंसे भोपाल के मछली परिवार प्रकरण में 13 अक्टूबर को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले जिला प्रशासन हाईकोर्ट में दस्तावेज पेश करेगा। ये दस्तावेज नियम-कायदों से जुड़े हैं। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, भोपाल कलेक्टर, डीसीपी क्राइम और तीनों बैंकों के अधिकारियों को रिकॉर्ड के साथ प्रस्तुत होने और कार्रवाई की वैधता स्पष्ट करने को कहा था। पिछले सप्ताह मामले पर सुनवाई हो चुकी है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जबाव पेश करते हुए बताया गया था कि कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई की गई है। जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत जबाव मांगते हुए फैसला सुरक्षित रखा है। बता दें कि मछली परिवार की साजिदा बी के साथ 9 अन्य सदस्यों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया था कि सरकार ने कार्रवाई के दौरान संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। जिसे लेकर यह याचिका दायर की गई। स्थानीय अफसरों का कहना है कि कार्रवाई नियमों के अनुसार ही की गई थी। हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा है। दस्तावेज भी तैयार है। जल्द ही हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। बता दें कि भोपाल के आनंदपुरा में रहने वाली साजिदा बी एवं अन्य 7 लोगों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया गया कि उनके नाम एफआईआर में नहीं है और न ही उनके खिलाफ कोई अपराध की जांच चल रही है। इसके बावजूद भी यासीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज होते ही उनकी संपत्ति तोड़ी गई। बैंक खाता भी फ्रीज किए गए। यहां तक कि उनके ई-मेल भी ब्लॉक कर दिए गए। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया था कि किसी आपराधिक मामले में अभियुक्त नहीं हैं। फिर भी उनके मकानों को तोड़ा गया। 21 अगस्त-25 को जब प्रशासन ने संपत्ति ध्वस्त करने को लेकर कार्रवाई की थी तो कोई भी वैद्य नोटिस या उचित प्रक्रिया नहीं अपनाई गई थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि अन्य सरकारी जमीन पर रह रहे हैं, लेकिन केवल उन्हें ही निशाना बनाया गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना अभियोग के घरों को तोड़ना, बैंक खाता फ्रीज करना और हथियार लाइसेंस निलंबित करना संवैधानिक अधिकारों का हनन है।



# नदी में गिरी बच्चों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 की मौत

**उज्जैन।** उज्जैन में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली रेलिंग तोड़कर चंबल नदी में गिर गई। इस हादसे में 12 बच्चे नदी में गिर गए। इनमें से 11 को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। चार बच्चों को गौतमपुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई। शुभम चौहान नाम का एक बच्चा अभी भी लापता है। देर शाम तक उसकी तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चला। अंधेरा होने के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया। अब शुक्रवार सुबह उसकी तलाश होगी। ये हादसा इंगोरिया के पास देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ। मृतकों में पृथ्वी राज (16) और वंश (8) शामिल हैं। वहीं अमीश (10) और अंश (6) को इंदौर रेफर किया गया। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, 12 साल के बच्चे ने ट्रैक्टर में लगी चाबी घुमा दी। जिससे ट्रैक्टर स्टार्ट होकर आगे बढ़ गया और नदी में गिर गया। पहले स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य किया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीईआरएफ की टीमें भी रेस्क्यू अभियान में जुटी हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली को क्रेन की मदद से नदी से निकाल लिया गया है। पूर्व कांग्रेस विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि यह दुखद घटना है। मेरा मुख्यमंत्री और प्रशासन से निवेदन है कि मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा तत्काल दिया जाए।

**भावांतर की रिलॉन्चिंग के विरोध में किसानों की ट्रैक्टर रैलियां**

# किसान बोले- जब MSP लागू तो भावांतर क्यों; 2017 में शिवराज ने शुरु की थी स्कीम



**भोपाल।** शिवराज सरकार द्वारा 2017 में शुरू की गई भावांतर योजना मप्र की मोहन सरकार फिर से शुरू करने जा रही है। सोयाबीन के लिए आज से पंजीयन शुरू होंगे। इस योजना के विरोध में मप्र के अलग-अलग इलाकों में किसान ट्रेक्टर रैलियां निकाल रहे हैं। हरदा, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में किसान भावांतर के खिलाफ रैलियां निकाल चुके हैं। किसानों का कहना है कि मध्यप्रदेश में 2017 में लागू की गई भावांतर भुगतान योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित नहीं हुई। किसानों के अनुभव कड़वे रहे और इस कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इसके बावजूद इस वर्ष राज्य सरकार ने इसे फिर से शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि यह योजना उनके हित में नहीं बल्कि शोषण के लिए है। जब पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क) मौजूद है तो फिर अलग से भावांतर भुगतान योजना क्यों? सरकार यह स्पष्ट नहीं कर पा रही कि यह योजना किसानों के लिए फायदेमंद है या उद्योगों और व्यापारियों के लिए। MSP में एकरूपता होती है। पूरे प्रदेश में किसी भी मंडी में समान भाव मिलता है। लेकिन, भावांतर योजना में यह संभव नहीं है। इससे किसानों को नुकसान का डर है। योजना लागू करने के पहले असली हितधारकों (किसानों) से राय नहीं ली गई। एकतरफा निर्णय थोपे जा रहे हैं। यदि सरकार को विश्वास है कि यह योजना अच्छी है तो किसानों को विकल्प दिया जाएं। पंजीयन के समय किसान चुन सकें कि वे रूस्क पर बेचना चाहते हैं या भावांतर पर। इस योजना से बाजार भाव गिरते हैं, मार्केट में हेरफेर और असमानता पैदा होती है। इसमें केवल 40त्न उत्पादन खरीदने और अधिकतम 15त्न मूल्य अंतर भरने की बात कही गई है, जिससे किसानों को वास्तविक लाभ नहीं मिलेगा। किसानों का कहना है कि जब फसलें बर्बाद हो चुकी हैं तो सरकार का पहला कर्तव्य मुआवजा देना है। और जो उत्पादन बचा है, उसका सही मूल्य दिलाने के लिए रूस्क के ऊपर बोनस देना चाहिए। तभी किसानों को वास्तविक राहत मिलेगी।

# ट्रम्प टैरिफ, जीएसटी जैसे 28 विषयों पर प्रदेश के 562 कॉलेजों में वेबिनार



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने 15 अक्टूबर को एक साथ राज्यभर के 562 शासकीय कॉलेजों में वेबिनार कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक कॉलेज को 20-20 हजार रुपए दिए गए हैं। वेबिनार में कुल 28 विषय शामिल होंगे। इनमें ट्रम्प टैरिफ, जीएसटी स्लैब, जलवायु परिवर्तन, 'वोकल फॉर लोकल', स्वदेशी से स्वावलंबन, देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जैसे मुद्दे शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, सभी कॉलेजों को राज्य से बाहर के वक्ताओं को आमंत्रित करना होगा और शिक्षकों-छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही, रिसर्च छात्रों से पेपर लेकर उन्हें प्रकाशित करने की बात भी कही गई है। हालांकि, कई प्राचार्यों ने इस पहल पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पहले हुए वेबिनार और रिसर्च पेपर्स का कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं हुआ, जबकि ज्यादातर कॉलेजों में शोध कार्य होता ही नहीं है। सभी वेबिनार 15 अक्टूबर को होंगे। स्मारिका की तीन-तीन कॉपियां आयुक्त, उच्च शिक्षा के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

**खर्च का ब्योरा...**

ब्रोशर पर करीब 11.20 लाख रुपए खर्च होंगे। 6स्मारिका प्रकाशन पर सबसे अधिक 56 लाख रुपए खर्च का अनुमान है। 6डेटा (इंटरनेट) मद में 11.10 लाख रुपए तय किए गए हैं, जबकि कॉलेजों में इंटरनेट पहले से उपलब्ध है। 6राज्य के बाहर से आमंत्रित दो वक्ताओं के मानदेय पर 16.80 लाख रुपए रखे गए हैं। 6आकस्मिक मद में 3-3 हजार रुपए यानी कुल 16.80 लाख रुपए का प्रावधान है।

# झांकी में खेल रही बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत




**भोपाल।** भोपाल के कोलार की राजहर्ष कॉलोनी में गुरुवार की शाम 10 साल की बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। हादसे के समय वह झांकी के सामने दूसरे बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी अचानक बाई तरफ कंधे के पास उसके गले के पास छर्रा लग गया। वह गश खाकर गिर गई। कंधा लहूलुहान हो चुका था। फुल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शशि हाइटेक सिटी, राजहर्ष कोलार निवासी सुनील रजक पानी सप्लाई करने का काम करता है। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। उसकी 10 साल की बेटी रिया रजक स्कूली छात्रा थी। गुरुवार को रिया दूसरे बच्चों के साथ राजहर्ष कॉलोनी स्थित झांकी के पास खेल रही थी।

# अमरकंटक शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर भव्य निकाली गई कलश यात्रा

**तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज के सानिध्य में होता आ रहा वर्षों से आयोजन**

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अमरकंटक। माँ नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र पावन नगरी अमरकंटक के श्री कल्याण सेवा आश्रम में क्वांर मास में पढ़ने वाली शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आज के भव्य उत्साह उमंग , आस्था और श्रद्धा से पूरी नर्मदा उद्गम स्थली उत्साह से झूम उठा । श्री कल्याण सेवा आश्रम के मंदिर से माता रानी जी की दिव्य मूर्ति और कलश रथ पर विराजमान कर सैकड़ों कन्याओं कलश सिर पर लिए आश्रम से विशाल शोभायात्रा में सम्मिलित हुई । इस यात्रा में खूब आतिशबाजी , ढोल नगाड़े , उत्तराखंड के छोलिया नृत्य डांस पार्टी 15 की टीम , उड़ीसा के बालांगीर से पधारे घंट पार्टी जिनमें लगभग 60 की टीम , पुष्पराजगढ़ के पिपरहा के गुदुम बाजा पार्टी जिनमें 50 लोग , छत्तीसगढ़ गौरेला से आसमानी धमाल पार्टी और डी जे जिसमें भी 15 का दल शामिल थे के बीच पूरा नगर प्रफुल्लित और झूमते हुए सम्मिलित हुआ । रास्ते के दिनों तरफ लोगों की खूब भीड़ इस उत्सव को देखती रही और अपने अपने मोबाईल में महोत्सव को कैद किए जा रहे थे । शोभायात्रा आश्रम से प्रारंभ होकर नगर के बीचों बीच मुख्य मार्ग होते हुए नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंच मां का श्रृंगार किया गया , आरती पूजन और भोग लगाया गया ।

**वैदिक मंत्रों के बीच हुआ पूजन:** मां नर्मदा जी के प्रधान पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी , पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी , पंडित उत्तम द्विवेदी , पंडित रूपेश द्विवेदी , पंडित राजेश द्विवेदी ने शास्त्रोक्त विधि से पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया । साथ ही देवी भागवत पुराण का अर्चन पूजन कराया गया ।

**आश्रम में चलेगा देवी भागवत कथा:** श्री कल्याण सेवा आश्रम में नौ दिवसीय देवी भागवत कथा बाबा जी के कृपापात्र पंडित त्रिपुष्कर शास्त्री जी वृंदावन धाम से पधारे दोपहर 3 से 7 रोजाना भक्तिमय वातावरण में तथा बाबा जी प्रवचन , संतो की वाणी आप सब पधार कर श्रवण कर सकते है । शोभायात्रा के मार्ग में अनेक प्रेमीजन , नगरवासी जल पान की अलौकिक व्यवस्थाएं बनाए हुए थे जो सराहनीय कार्य स्वत: किया गया था । उद्गम स्थल नगरी को अलौकिक आभा से भर दिया ।

**शोभायात्रा बनी श्रद्धा का महाकुंभ:** सांस्कृतिक झांकियों , वाद्य यंत्रों और भक्तिमय गीतों ने नगर को देवभूमि जैसा स्वरूप बना दिया था । गली-गली पुष्पवर्षा के बीच जय माता दी के उद्घोष से वातावरण गूंजयमान लग रहा था ।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)